# उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड

होम्योपैथी भवन

2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ-226 मो0नं0 : 7607355882 ई-मेल-registrar@hmbup.in


पत्रांक-......834......./एच0एम0बी0/2025 दिनांक 21.07.2025

(द्वारा- बोर्ड वेबसाइट)

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक,
समस्त डी0एच0पी0 कालेज, उ0प्र0।
(शैक्षणिक सत्र 2024-26)

**विषयः भेषजिक डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मासिस्ट (डी0एच0पी0) पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष (2024-25) की वार्षिक परीक्षा तथा सत्र 2020-22 व 2023-25 के प्रथम वर्ष 2020-21 एवं 2023-24 की पूरक परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवगत कराना है कि शैक्षणिक सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष (2024-25) में निर्धारित मानक के क्रम में अर्ह पाये गये 160 डी0एच0पी0 कालेजों की सम्बद्धता डी0एच0पी0 पाठ्यक्रम संचालन हेतु जारी की गयी थी। इसी क्रम में बोर्ड कार्यालय के पत्रांक-781/एच0एम0बी0/2024, दिनांक 24.08.2024 द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार डी0एच0पी0 सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष 2024-25 के नव-प्रवेशित छात्रों का शिक्षण कार्य दिनांक 01.11.2024 से आरम्भ होकर दिनांक 31.05.2025 को पूर्ण हो चुका है। अधिकांश कालेजों द्वारा उनकी संस्था में अध्ययनरत छात्रों की माहवार बायोमेट्रिक उपस्थिति बोर्ड कार्यालय को उपलब्ध करा दी गयी है, जिसके आधार पर उक्त समस्त कालेजों में अध्ययनरत छात्रों का नामांकन बोर्ड द्वारा जारी किया जा चुका है। बोर्ड कार्यालय के पत्र संख्या-371/एच0एम0बी0/2025, दिनांक 20.06.2025 (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से डी0एच0पी0 सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष 2024-25 में अध्ययनरत छात्रों की **शैक्षणिक सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष 2024-25 की वार्षिक परीक्षा के साथ-साथ सत्र 2020-22 व 2023-25 के प्रथम वर्ष 2020-21 एवं 2023-24 की पूरक परीक्षा** कराये जाने हेतु सम्भावित परीक्षा की समय सारणी जारी किया गया था, परन्तु दिनांक 20.07.2025 तक कुल नामांकित छात्र संख्या के सापेक्ष 47.25 प्रतिशत छात्रों द्वारा ही परीक्षा शुल्क जमा किया गया है।

अतः उपरोक्त के क्रम में छात्र हित के दृष्टिगत नियंत्रक महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में परीक्षा कार्यक्रम की निम्नलिखित संशोधित तिथि जारी की जाती हैः-

**<u>शैक्षणिक सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष (2024-25) की वार्षिक परीक्षा तथा सत्र 2020-22 व 2023-25 के प्रथम वर्ष 2020-21 एवं 2023-24 की पूरक परीक्षा का सम्भावित परीक्षा कार्यक्रम :-</u>**

| क्र0सं0 | दिनांक | दिन | प्रथम पाली परीक्षा समय 10.00 से 01.00 बजे तक | प्रश्नपत्र | द्वितीय पाली परीक्षा समय 02.00 से 05.00 बजे तक | प्रश्नपत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 07.08.2025 | बृहस्पतिवार | Elementary Human Anatomy And Physiology | Paper-Ist | Elementary Human Anatomy And Physiology | Paper-IInd |
| 2. | 08.08.2025 | शुक्रवार | Introductory Homoeopathy Biochemistry And Twelve Tissue Remedies | Paper-Ist | Introductory Homoeopathy Biochemistry And Twelve Tissue Remedies | Paper-IInd |
| 3. | 11.08.2025 | सोमवार | Clinical Pathology And Toxicology | Paper-Ist | Clinical Pathology And Toxicology | Paper-IInd |
| 4. | 12.08.2025 | मंगलवार | Health Education And Community Pharmacy | Paper-Ist | Health Education And Community Pharmacy | Paper-IInd |
| 5. | 13.08.2025 | बुद्धवार | Homeopathic Pharmaceutics And Pharmaceutical Chemistry | Paper-Ist | Homeopathic Pharmaceutics And Pharmaceutical Chemistry | Paper-IInd |

**शैक्षणिक सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष (2024-25) की वार्षिक परीक्षा तथा सत्र 2020-22 व 2023-25 के प्रथम वर्ष 2020-21 एवं 2023-24 की पूरक प्रयोगात्मक परीक्षा कराये जाने हेतु सम्भावित समय सारणी :-**

| क्र0सं0 | दिनांक | दिन | प्रयोगात्मक परीक्षा समय 10.00 बजे से |
|---|---|---|---|
| 1. | 18.08.2025 | सोमवार | Elementary Human Anatomy and Physiology & Introductory Homoeopathy Biochemistry and Twelve Tissue Remedies |
| 2. | 19.08.2025 | मंगलवार | Clinical Pathology and Toxicology & Health Education and Community Pharmacy |
| 3. | 20.08.2025 | बुद्धवार | Homeopathic Pharmaceutics and Pharmaceutical Chemistry |

शैक्षणिक सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष 2024-25 की वार्षिक परीक्षा में अध्ययनरत छात्रों के साथ-साथ सत्र 2020-22 व 2023-25 के प्रथम वर्ष 2020-21 एवं 2023-24 की पूरक परीक्षा में प्रतिभाग हेतु इच्छुक छात्र-छात्राओं की परीक्षा कराये जाने हेतु परीक्षा फार्म पोर्टल दिनांक 30.07.2025 तक अंतिम बार खोला जा रहा है।

अतः उक्त के क्रम में समस्त सम्बन्धित डी0एच0पी0 संस्थाओं के प्राचार्य/प्रबन्धक से अनुरोध है कि निर्धारित अवधि में परीक्षा फार्म भराते हुए परीक्षा से सम्बन्धित समस्त औपचारिकताएं अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करे। उक्त अवधि के बाद परीक्षा की तिथि किसी भी दशा में बढ़ाई नहीं जायेगी। यदि निर्धारित अवधि तक किसी संस्था द्वारा छात्रों का परीक्षा फार्म नहीं भराया जाता है तो इस कारण से छात्र परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। इसका सम्पूर्ण दायित्व संस्था के प्राचार्य/प्रबन्धक का होगा।

प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण व समयबद्ध है तथा सर्वोच्च प्राथमिकता अपेक्षित है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

21/07/2025

(विनय कुमार त्रिपाठी)

परीक्षा नियंत्रक/रजिस्ट्रार

21/07/25

पत्रांक संख्या एवं दिनांक तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महानिदेशक, आयुष, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
2. नियंत्रक, उ0प्र0 होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उ0प्र0 लखनऊ।
3. निदेशक, होम्योपैथी, आठवॉ तल, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
4. प्रबन्धक, यू0पी0डेस्को (ओमनी-नेट) लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि जिन छात्रों का नामांकन जारी किया गया है उनका सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष (2024-25) का परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु ऑनलाइन परीक्षा फार्म पोर्टल दिनांक 30.07.2025 तक खोले जाने की कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(विनय कुमार त्रिपाठी)

परीक्षा नियंत्रक/रजिस्ट्रार